भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5330

(दिनांक 25.03.2026 को उत्तर के लिए)

लोकपाल में दर्ज शिकायतें

5330. श्रीमती माला राय :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान लोकपाल में दर्ज की गई शिकायतों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) उनमें से निपटाई गई शिकायतों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख) : लोकपाल के समक्ष पंजीकृत शिकायतों और लोकपाल द्वारा निस्तारित शिकायतों की संख्या का ब्यौरा, निम्नानुसार हैः-

वित्तीय वर्ष	**पंजीकृत शिकायतें**	**निस्तारित शिकायतें**
2025-26 (28.02.2026 तक की स्थिति के अनुसार)	**389**	**336**
2024-25	**292**	**260**
2023-24	**166**	**161**
2022-23	**320**	**316**
2021-22	**149**	**147**

पंजीकृत तथा निस्तारित शिकायतों का वर्ष-वार ब्यौरा, लोकपाल की समर्पित (डेडीकेटेड) वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****